आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 07.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचारः—

- निर्वाचन आयोग को सुविधा—पोर्टल पर 73 हज़ार से अधिक आवेदन मिलें।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्वीप टीम, मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करने में जुटा।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में जनसभा को संबोधित किया।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं ।
- सोमवती अमावस्या स्नान के लिए हरिद्वार में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के किये कड़े इंतजाम।

सुविधा पोर्टल

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के बीस दिन में ही सुविधा पोर्टल पर 73 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। इसके माध्यम से, रैलियां आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने, घर—घर जाकर प्रचार करने और प्रचार सामग्री वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग ने कहा प्राप्त अनुरोधों में से 44 हजार छह सौ से अधिक स्वीकृत किए गए हैं। गौरतलब है कि सुविधा पोर्टल चुनाव प्रबंधन में पारदर्शिता को भी बढावा देता है। पोर्टल निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी है। जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरूप समान सुविधा उपलब्ध कराता है। लगभग 11 हजार दो सौ अनुरोध नामंजूर किये जा चुके हैं और दस हजार से अधिक रद्द किए गए हैं। शेष आवेदन अभी प्रक्रियाधीन हैं। राजनीतिक दल और उम्मीदवार चुनाव प्रचार संबंधी अनुमति के लिए इस पोर्टल पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

मतदाता जागरूकता अभियान

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत—प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में जगह—जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग राज्य आइकन, लोक कलाकार, जिला आइकन, क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, स्थानीय बोली और अन्य माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा हुआ है। निर्वाचन आयोग की पहल पर सुप्रसिद्ध लोक गायक सौरव मैठाणी ने प्रदेश के युवाओं से शत—प्रतिशत मतदान की अपील की है।

इसी बीच, पौड़ी में आज स्वीप कार्यक्रम के तहत सरकारी सेवाओं से जुड़े कार्मिकों ने बाइक रैली निकालकर लोगों को शत—प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया। बाइक रैली में भाग ले रही बाइकर मनविंदर कौर ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस रैली में सभी ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए मतदाता जागरूक हो रहे हैं और आने वाले चुनाव में इससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

## चेकिंग अभियान

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत प्रदेश में पुलिस और अन्य एजेंसियों का चेकिंग अभियान जारी है। इसी कड़ी में आज अल्मोड़ा में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बाड़ेछीना में तीन अलग–अलग वाहनों से 5 लाख 44 हजार 290 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि नकदी का कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिलने पर नकदी जब्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गयी।

## लोकसभा चुनाव व्यय

निर्वाचन आयोग राज्य में राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार, रैलियों, रोड शो और चुनाव खर्च पर कड़ी नजर रख रहा है। इसको लेकर व्यय प्रेक्षक उमाशंकर प्रसाद ने रुद्रप्रयाग में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशियों की रैलियों और रोड शो पर होने वाले खर्च पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। श्री प्रसाद ने वाहनों की कड़ी चेकिंग और अवैध शराब व नकदी पर कड़ी निगरानी रखने को भी कहा।

## मतदाता प्रशिक्षण

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए प्रदेश भर में मतदान अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चमोली जिले के गोपेश्वर स्थित पीजी कॉलेज में मास्टर ट्रेनरों ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सभी मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मतदान कार्मिकों को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। वहीं, चंपावत के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान टीमों को सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा की निर्वाचन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## चुनाव प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर है। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल–उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में मुक्तेश्वर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन से भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में राज्य के मतदाताओं के वोटों की ताकत देश को और मजबूत करेगी। श्री धामी ने टिहरी के चंबा में भी एक जनसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की। वहीं, कांग्रेस नेता हरीश रावत ने हरिद्वार लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत के समर्थन में देहरादून के डोईवाला से रानीपोखरी तक जनसंपर्क किया। इसी सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने देहरादून के बालावाला मंडल में रोड शो किया और पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। टिहरी लोकसभा सीट से बीजेपी की माला राज्य लक्ष्मी शाह ने मसूरी विधानसभा में प्रचार किया। उधर, गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से

कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने गुमखाल, सतपुली और पौड़ी के अन्य इलाकों में जनसभा कर स्थानीय लोगों से अपने पक्ष में जनसमर्थन मांगा। नैनीताल से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने किच्छा विधानसभा में चुनाव प्रचार किया।

इस्तीफा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हुये हैं। गौरतलब है कि श्री अग्रवाल ने कल ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। इस बीच, उत्तराखंड कांग्रेस की अनुशासन समिति ने दिनेश अग्रवाल को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

स्वास्थ्य के बारे में वैश्विक स्तर पर जागरुकता लाने के लिए आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है – मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। इसका उद्देश्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेल रहे विश्व के लगभग साढ़े चार अरब लोगों को समुचित स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. रीमा दादा ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव लाकर और योग जैसे अभ्यास अपनाकर अनेक रोगों को दूर किया जा सकता है।

सोमवती अमावस्या

सोमवती अमावस्या स्नान के लिए हरिद्वार में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। सुरक्षा कारणों से मेला क्षेत्र को 5 सुपर जोन, 16 जोन और 39 सेक्टर में बांटा गया है। पुलिस के अनुसार कल यानी सोमवती अमावस्या के दिन स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।